**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- सर्वाच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज मंडी में रखेंगे नए अत्याधुनिक न्यायिक परिसर की आधारिशिला।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी आज से शुरू होने वाले 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' प्रतियोगिता के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं के साथ करेंगे बातचीत।
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत किन्नौर जिला में युवाओं को सृजित हो रहे स्वरोजगार के अवसर।
- चंबा में आयोजित साहित्य उत्सव में पुस्तक मेले को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह–जमकर की पुस्तकों की खरीददारी।

..............................................................................

**सीजेआई**

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत मंडी में  आज लगभग 152 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए अत्याधुनिक न्यायिक परिसर की आधारशिला रखेंगे। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया भी समारोह में मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी शनिवार देर सायं शिलान्यास समारोह में भाग लेने मंडी पहुंचे। इसके बाद वे संस्कृति सदन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में भी शामिल होंगे।

..............................................................................

**माई भारत बजट क्वेस्ट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी आज से शुरू होने वाले 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' प्रतियोगिता के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट पर चर्चा करने और विकसित भारत के निर्माण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन देना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य युवा प्रतिभाओं को सहभागी शासन और आर्थिक नियोजन से जोड़ना है। इसके साथ ही, ये पहल नीति निर्माण में युवा पीढ़ी की भूमिका को मजबूत करना और 2047 तक आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण में योगदान भी देगी। 'माई भारत बजट प्रतियोगिता

2026' में 12 लाख से अधिक युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और 47 हजार निबंध जमा किए गए। केंद्रीय बजट 2026 व्यापक रूप से युवा शक्ति–प्रेरित बजट माना जा रहा है। बजट शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, नवाचार और भविष्य के लिए तैयार विकास के अवसरों में निवेश के माध्यम से देश के युवाओं को सशक्त बनाने पर विशेष बल देता है। इस संदर्भ में, माय भारत प्लेटफॉर्म पर आयोजित माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 एक अनूठी पहल के रूप में उभरी है।

..........................................................................

**पीएमजीईपी**

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी के तहत जनजातीय जिला किन्नौर में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र किन्नौर द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में विभाग ने 21 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर विभिन्न बैंकों को भेजा है। वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 17 उद्यमियों को लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिल रहा है, जिससे जनजातीय क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है।

..........................................................................

**डीसी–सोलन**

सोलन प्रशासन ने ज़िले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी से इंकार किया है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि ज़िले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पहले की तरह सामान्य रूप से हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम को कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी तरह की पैनिक की स्थिति न बने।

..........................................................................

**मुकेश अग्निहोत्री–दौरा**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज सिरमौर जिला के शिलाई के दौरे पर रहेंगे। उप–मुख्यमंत्री शिलाई के टिम्बी में करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री शिलाई के पश्मी में चालदा महासू महाराज के दर्शन भी करेंगें।

..........................................................................

**स्कीईंग कोर्स**

लाहौल स्पीति के त्रिलोकनाथ में एलिमेंटरी स्कीईंग कोर्स कल सम्पन्न होगा। इस कोर्स का आयोजन स्की–क्लब त्रिलोकनाथ और लाहौल स्पीति विंटर स्पोर्टस एंड एलाईड स्पोर्टस एसोसिएशन द्वारा किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं को शीतकालीन खेलों से जोड़ना और हिमालयी क्षेत्रों में स्कींईंग जैसे साहसिक खेलों को बढ़ावा देना है। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

..........................................................................

## कार्यशाला

वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त व जागरूक बनाने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने नाहन में विशेष कार्यशाला चल रही है। इस 6 दिवसीय कार्यशाला में वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। सिरमौर ज़िला कल्याण अधिकारी जी.एस. नेगी ने बताया कि इस कार्यशाला से लाभ लेकर वरिष्ठ नागरिक समाज में सक्रिय और आत्मनिर्भर होकर जीवन जीने में सक्षम बन सकेंगे। कार्यशाला के अंतिम दिन वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी।

..........................................................................

## पुस्तक मेला

चम्बा जिला के राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में साहित्य उत्सव के दौरान पुस्तक मेला आयोजित किया गया। पुस्तक मेले में विभिन्न राज्यों से आए प्रकाशकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकाशनों से आए प्रतिनिधियों ने बताया की पहली बार वे चम्बा में आए हैं और इस पुस्तक मेले में अपने स्टॉल लगाए हैं। इसके लिए प्रशासन की तरफ से उनके लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

वहीं पुस्तक मेले में पहुंचे विद्यार्थियों ने कहा कि मेले में उनकी कई मनपसंद की पुस्तकें मौजूद हैं। उन्होंने कहा की मनुष्य के जीवन में किताबों का विशेष महत्व है इसलिए सभी को किताबें अवश्य पढ़नी चाहिए। विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन से भविष्य में भी ऐसे पुस्तक मेलों का आयोजन करने का आग्रह किया।

..........................................................................

## अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.......

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– **पशु मित्र भर्ती– अब नहीं उठानी होगी 25 किलो की बोरी।**

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**हिमाचल को हाइड्रो प्रोजेक्ट में रॉयल्टी बढ़ाने की इजाजत मिले तो आरडीजी की जरूरत नहीं।** पंजाब केसरी की सुर्खी है–**फ्री पावर प्रोजैक्ट में 50 फीसदी रॉयल्टी मिले हमें आर.डी.जी की आवश्यकता नहीं।**

दैनिक जागरण की एक खबर है– **उप–राष्ट्रपति बोले, नशामुक्त समाज के लिए योगदान दें युवा– आतिथ्य सत्कार में हिमाचल की अलग पहचान।** दिव्य हिमाचल लिखता है–**राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करें युवा– सीयू के दीक्षांत समारोह में उप–राष्ट्रपति का युवाओं से आहवान।**

**सीएम ने छुट्टी के दिन वित्त योजना विभाग के अफसरों के साथ की बैठक** शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–हिमाचल बजट की तैयारियों में जुटे मुख्यमंत्री। अखबार की एक अन्य खबर है–**वीकेंड पर बर्फ देखने 27 हजार से ज्यादा सैलानी पहुंचे लाहौल घाटी।**

..........................................................................

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- सर्वाच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज मंडी में रखेंगे नए अत्याधुनिक न्यायिक परिसर की आधारिशिला।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से शुरू होने वाले 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' प्रतियोगिता के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं के साथ करेंगे बातचीत।
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत किन्नौर जिला युवाओं को सृजित हो रहे स्वरोजगार के अवसर।
- चंबा में आयोजित साहित्य उत्सव में पुस्तक मेले को लेकर में विद्यार्थियों में खासा उत्साह–जमकर की पुस्तकों की खरीददारी।

.......................................................................